>

Title: Regarding BSNL network connectivity in Kalahandi and Nuapara districts in Odisha.

श्री बसंत कुमार पंडा (कालाहाण्डी): माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने आज सत्र के पहले दिन शून्य काल में मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से माननीय उपक्रम मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा । मैं देश के दो एस्पिरेशनल जिले कालाहाण्डी और नुआपड़ा से आता हूं । मेरे लोक सभा क्षेत्र में थुआमूल रामपुर है, रामपुर ब्लॉक है, लांजीगढ़ ब्लॉक है । नुआपड़ा जिला में मारागुडा, सुनाबेड़ा, सुसेन, घाटमाल और नंगाल्बोद, आदि एरियाज़ में बीएसएनएल टॉवर की असुविधा के कारण लोगों के साथ संपर्क करने में बड़ी दिक्कत होती है । जितने अंचल का मैंने नाम लिया, वे माओइस्ट एरियाज़ हैं । इसलिए मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि वहां स्टाफ को भेजकर स्पॉट आइडेंटिफाइड करके जल्दी से जल्दी बीएसएनएल टॉवर लगाने की कृपा करें और लोगों को आशीर्वाद दें ।

महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं, धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यों, मेरा सभी दलों के नेताओं से अनुरोध है **कि** जिन माननीय सदस्यों का शून्य काल की लिस्ट में नाम आता है, उन्हें उस दिन के लिए अपनी पार्टी की सीटों में से कुछ सीटें अगर लोक सभा कक्ष में दे देंगे, तो वह अपनी बात यहां पर बैठकर कह सकते हैं । मैं जानता हूं कि यह सत्र का पहला दिन है, माननीय सदस्यगण को बोलने में कुछ परेशानियां उठानी पड़ी हैं, लेकिन मैं कोशिश करूंगा कि कल से सत्र को और नियमित कर दिया जाए और सभी माननीय सदस्यों को पर्याप्त समय, पर्याप्त अवसर मिले, यह मैं प्रयास करूंगा ।

डॉ. हर्ष वर्धन जी । …(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : सर, एक मिनट । माननीय रक्षा मंत्री जी हैं, हमारे फॉर्मर चीफ ऑफ आर्मी भी हैं । मैं यह कहना चाहता हूं **कि** जो चीनी साजिश हो रही है, लद्दाख से लेकर अरुणाचल तक चीनी साजिश हम देख रहे हैं । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य । प्लीज, नो ।

श्री अधीर रंजन चौधरी: यह कहा जा रहा है **कि** चीन की फौज ने हमारी सरजमीं के 1 हजार 7 सौ किलोमीटर को अपने कब्जे में रखा । आज भी 10 हजार …(**व्यवधान)**

माननीय अध्यक्ष : आप पर्याप्त समय लीजिएगा ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : गम्भीर संवेदनशील विषय पर, आप सदन के फ्लोर के नेता हैं, हम गम्भीरता से इस पर बीएसी के अंदर चर्चा करेंगे, फिर आपस में बैठकर चर्चा करेंगे ।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी: सर, मुझे कोई इल्जाम नहीं लगाना है । **…(**व्यवधान) सर, हम इस पर चर्चा करने की मांग कर रहे हैं ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : वह बीएसी में करते हैं ।आप सीनियर नेता हैं ।

डॉ. हर्ष वर्धन जी ।

…(व्यवधान)

11.29 hrs

STATEMENT BY MINISTER